ST. ARNOLD'S CENTRAL SCHOOL, PUNE
TERM – 1 EXAMINATION, 2018 – 2019
SUBJECT – HINDI

STD – VI **MARKS: 80**

<u>खंड 'क'- अपठित बोध</u>

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(08)**

हमारा प्यारा भारत देश महान है । इसे आर्यावर्त और हिंदुस्तान के नाम से भी जाना जाता है । हमारा देश चारों ओर से प्राकृतिक सीमाओं से घिरा हुआ है । हिमालय से कन्याकुमारी तक और असम से गुजरात तक फैला यह विस्तृत भू-भाग वाला देश है । जनसंख्या का एक बहुत बड़ा भाग यहाँ खेती करता है । इसलिए संसार के देशों में इसे कृषि प्रधान देश कहा जाता है । संपन्नता के कारण कभी इसे सोने की चिड़िया भी कहा जाता था । गंगा, यमुना, कृष्णा, कावेरी, गोदावरी आदि नदियाँ इसको सींचती हैं । नदियों के किनारे बड़े -बड़े तीर्थस्थान हैं । यहाँ हर समय कहीं न कहीं धार्मिक मेले लगे रहते हैं । वास्तव में भारत-भूमि देवताओं को भी प्रिय है ।

क) भारत को कौन-कौन से नामों से पुकारा जाता है ? **2**
ख) भारत की प्रमुख नदियों के नाम लिखें ? **2**
ग) संसार के देशों में भारत किस रूप में प्रसिद्ध है ? **1**
घ) गद्यांश से एक जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखें । **1**
ङ) संपन्नता के कारण भारत को किस नाम से पुकार जाता था ? **1**
च) भूमि-शब्द से वाक्य बनाएँ । **1**

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनें । **(07)**

ऊँचा खड़ा हिमालय आकाश चूमता है, नीचे पखार पगतल नित सिंधु झूमता है ।
गंगा पवित्र यमुना नदियाँ लहर रही हैं, अमराइयाँ घनी हैं कोयल पुकारती हैं ।
बहती मलय पवन है तन-मन सँवारती है, जन्में जहाँ थे रधुपति जन्मी जहाँ थी सीता ।
श्री कृष्ण ने सुनाई वंशी पुनीत गीता, गौतम ने जन्म लेकर जिसका सुयश बढ़ाया ।
जग को दया दिखाई, जग को दीया दिखाया, वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी ।

क) कवि ने किसकी महिमा का गान किया है ?
i) हिमालय ii) जन्मभूमि iii) जग

ख) सिंधु किसके पगतल पखार कर झूमता है ?
i) अमराइयों के ii) भारत के iii) हिमालय के

ग) 'अमराइयाँ 'का अर्थ है -
i) पेड़ ii) बगीचे iii) आम के बाग

घ) श्रीकृष्ण ने क्या सुनाया था ?
i) गीता ii) वेद iii) पुराण

ङ) 'जग को दीया दिखाने' का क्या अर्थ है ?

i) प्रकाश देना ii) ज्ञान देना iii) रोशनी देना

च) 'रघुपति' किसे कहा गया है ?

i) श्रीकृष्ण को ii) सीता को iii) राम को

छ) 'जन्म' का विलोम शब्द है।

i) मृत्यु ii) सरल iii) सुयश

खंड 'ख' - व्याकरण

प्र.3 सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए । (08)

क) हिन्दी-दिवस मनाया जाता है -

i) 2 अक्तूबर को ii) 15 अगस्त को iii) 14 सितंबर को

ख) 'अः' को क्या कहते हैं

i) विसर्ग ii) हलंत iii) अनुस्वार

ग) 'रात्रि' ________ शब्द है -

i) देशज ii) तद्भव iii) तत्सम

घ) 'जापानी' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय है -

i) जापान इ ii) जापान ई iii) जाप इया

ङ) कौन-सा शब्द समुदायवाचक संज्ञा है ?

i) कक्षा ii) प्यास iii) दूध

च) कौन-सा शब्द सदैव पुल्लिंग है ?

i) सेठ ii) सोमवार iii) लेखिका

छ) कौन-सा शब्द बहुवचन नहीं है ?

i) बाल ii) लोग iii) रात

ज) पलंग <u>पर</u> चादर बिछा दो । रेखांकित शब्द कौन-सा कारक है ?

i) संबोधन कारक ii) अधिकरण कारक iii) संबंध कारक

प्र.4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। (17)

क) शब्दों को संधि करके लिखिए ।

i) इति + आदि ii) गिरि + ईश

ख) वचन बदलकर लिखिए ।

i) शक्ति ii) डिबिया

ग) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

i) साँप ii) तालाब

घ) विलोम शब्द लिखिए ।

i) कुमार्ग ii) आश्रित

ङ) वर्ण-विच्छेद करके लिखिए ।

i) दर्शन ii) परीक्षा

च) वाक्यों में आए संज्ञा शब्द चुनकर उनके भेद लिखिए ।

i) तुम ताजमहल देखने कब चलोगी ?

ii) आम में अभी खटास है ।

छ) वाक्यों में से सर्वनाम संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्य पुनः लिखिए ।

i) मेरे को आज कहीं जाना है ।

ii) दरवाज़ा अंदर से बंद है, भीतर कुछ है ।

ज) वाक्यों में उचित कारक चिह्न (विभक्ति) लगाकर वाक्य पुनः लिखिए ।

i) धन मनुष्य न जाने क्या-क्या पाप कराता है ।

झ) 'स्व' उपसर्ग जोड़कर एक शब्द बनाइए ।

ञ) निडरता 'शब्द में से मूल शब्द अलग करके लिखिए।

खण्ड 'ग' - पठित बोध

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए । (06)

क) 'वह चिड़िया जो' कविता में चिड़िया अपना गला खोलकर किसके लिए गाती है ?

ख) लड़की चाँद को क्या पहने हुए बताती है ?

ग) 'नादान दोस्त' कहानी के लेखक कौन हैं ?

घ) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में मिलकर बोझ उठाने की बात क्यों कही गई है ?

ङ) पापा ने छोटू को झापड़ क्यों रसीद किया था ?

च) 'बचपन' कहानी में लेखिका को खुद क्या धोना पड़ता था ?

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए । (08)

क) अक्षरों की खोज़ का सिलसिला कब और कैसे शुरू हुआ ?

ख) छोटू के पापा न होते तो छोटू का बचना मुश्किल था, क्यों ?

ग) केशव को कई दिनों तक किस बात पर अफ़सोस होता रहा, क्यों ?

घ) कहानी में अंतरिक्ष यान को किसने भेजा था और क्यों ?

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए । (08)

क) 'पार नज़र के' पाठ के आधार पर मंगल ग्रह का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है । उसी प्रकार पृथ्वीका प्राकृतिक संतुलन न बिगड़े इसलिए हमलोगों को क्या-क्या करना चाहिए?

ख) 'अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरूआत हुई । 'अक्षरों का महत्व बताते हुए अपने विचार प्रस्तुत करें ।

प्र.8 निम्नलिखित पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या लिखिए । (03)

"एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले ज़र्रा, बन जाता है सेहरा।"

प्र.9 पूरक-पुस्तिका पर आधारित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए । (05)

क) राजा दशरथ ने राम के वन-गमन के कितने दिन में प्राण त्याग दिए ?

ख) भरत ने राम से क्या वस्तु माँगी ?

ग) गोदावरी नदी के तट पर राम ने अपने निवास के लिए किस स्थान को चुना ?

घ) रावण किसको अपने साथ लेकर पंचवटी पहुँचा ?

ङ) दशरथ की मृत्यु के समय भरत कहाँ थे ?

खण्ड 'घ' - लेखन कार्य

प्र.10 दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर कहानी लिखिए । (05)

क) लालची किसान

● एक किसान मुरगी खरीदा ● रोज़ सोने का अंडा देना ● किसान को धनवान बनने की इच्छा
● मुरगी का पेट चीरना ● कुछ भी हाथ न लगना और पछताना

ख) हाथी और दर्ज़ी की दोस्ती

● हाथी और दर्ज़ी में मित्रता थी ● हाथी नदी से पानी पीकर रोज़ दर्ज़ी की दुकान पर जाता
● दर्ज़ी रोज़ एक केला देता था ● दुकान पर दर्ज़ी का बेटा बैठा था ● सूँड़ में सूई चुभा दी
● सूँड़ में गंदा पानी भर कर दुकान पर डालना

प्र.11 आपने गरमी की छुट्टियों में क्या किया? उसके बारे में बताते हुए अपने नानाजी को पत्र लिखिए। (05)